RPSC स्कूल व्याख्याता (माध्यमिक शिक्षा) पेपर II इतिहास 2022

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

मेवात में 1857 की क्रान्ति के दौरान किसने नेतृत्व प्रदान किया?

(A) अहमदुल्ला
(B) गुलाम गौस
(C) सदरूद्दीन ✓
(D) मुल्ला सली

Q.2

18 अप्रैल, 1948 को गठित संयुक्त राजस्थान का मुख्यमंत्री किसे नियुक्त किया गया?

(A) गोकुलभाई भट्ट
(B) माणिक्य लाल वर्मा ✓
(C) भूरेलाल बयां
(D) बलवंत सिंह मेहता

Q.3

'ताजिक' कौन थे?

(A) तुर्की विदेशी अमीर
(B) तुर्की दास
(C) गैर तुर्की विदेशी अमीर ✓
(D) कुत्बी अमीर

Q.4

कम्प्यूटर सहायक अधिगम किस प्रकार के अधिगमकर्ता के लिए उपयोगी है?

(A) प्रत्येक व्यक्ति के लिए ✓
(B) केवल धीमी गति वाले अधिगमकर्ता
(C) केवल प्रतिभाशाली अधिगमकर्ता
(D) केवल औसत बुद्धिलब्धि अधिगमकर्ता

Q.5

ताम्रपाषाणकालीन संस्कृति के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही उत्तर का चयन कीजिए -

A ताम्रपाषाणकालीन लोग मुख्यतः ग्रामीण समुदाय में रहते थे।

B दैमाबाद कायथा संस्कृति का स्थल है।

(A) केवल A सही है ✓
(B) केवल B सही है
(C) A एवं B दोनों सही हैं
(D) A एवं B दोनों गलत हैं

Q.6

बाह्य नियन्त्रित व्यवहार से आन्तरिक नियन्त्रित व्यवहार की ओर होने वाले विकासात्मक परिवर्तन भाग होते हैं -

(A) पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत
(B) एरिक्सन के मनोसामाजिक विकास सिद्धांत
(C) कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत ✓
(D) ब्रोनफेनब्रेनर के पारिस्थितिकीय सिद्धांत

Q.7

एक वृत्ताकार अक्षरों वाला प्राचीन शिलालेख जिसे 'साइन बोर्ड' के नाम से जाना जाता है, ... से प्राप्त हुआ है।

(A) लोथल
(B) कालीबंगा
(C) धोलावीरा ✓
(D) गनवेरीवाला

Q.8

निम्न में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) मार्को पोलो – इटली
(B) अब्दुल रज्जाक – समरकन्द
(C) बारबरोसा – पुर्तगाल
(D) मोनसेरेट – फ्रांस ✓

Q.9

राष्ट्र संघ की अधिदेशीय प्रणाली (मेंडेट सिस्टम) के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र कितने वर्गों में विभाजित थे?

(A) दो
(B) तीन ✓
(C) चार
(D) पाँच

Q.10

मगध की आरंभिक राजधानी कौनसी थी?

(A) पाटलिपुत्र
(B) वैशाली
(C) गिरिव्रज ✓
(D) चम्पा

Q.11

महेन्द्रवर्मन I द्वारा रचित मत्तविलासप्रहसन नामक ग्रंथ में किस धार्मिक सम्प्रदाय पर व्यंग्य किया गया है?

(A) कालमुख
(B) शैव
(C) कापालिक ✓
(D) पाशुपत

Q.12

नेपोलियन बोनापार्ट का जन्म हुआ था -

(A) ब्रिएन में
(B) पेरिस में
(C) अजासिओ में ✓
(D) कोर्सिका में

Q.13

मगध के किस शासक ने कौशल एवं काशी राज्यों को अधिगृहीत किया था?

(A) बिम्बिसार
(B) अजातशत्रु ✓
(C) शिशुनाग
(D) महापदमानंद

Q.14

संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव का कार्यालय कहलाता है –

(A) महासभा
(B) सुरक्षा परिषद
(C) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय
(D) सचिवालय ✓

Q.15

राष्ट्र संघ की अधिदेशीय प्रणाली के अन्तर्गत फिलिस्तीन एवं मेसोपोटामिया किस देश को सौंपे गए?

(A) जापान को
(B) ऑस्ट्रेलिया को
(C) फ्रांस को
(D) इंग्लैण्ड को ✓

Q.16

ब्राह्मी लिपि युक्त एक मिट्टी की मुहर कहाँ से प्राप्त हुई है?

(A) बैराठ
(B) रैरह ✓
(C) रंगमहल
(D) सांभर

Q.17

निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?

(A) रॉबर्ट फुल्टन – प्रथम वाष्प चलित नौका
(B) फर्डिनेंड डी लेसेप्स – स्वेज़ नहर
(C) साइरस एच. मैककॉर्मिक – शक्ति चलित करघा ✓
(D) जॉन के – फ्लाइंग शटल

Q.18

भारत में इक्ता प्रथा का प्रचलन निम्नलिखित में से किसने किया?

(A) मुहम्मद गौरी
(B) बलबन
(C) इल्तुतमिश ✓
(D) नसीरुद्दीन महमूद

Q.19

मैरी और जोसेफ के विवाह की काल्पनिक पेंटिंग को किसने चित्रित किया था?

(A) लियोनार्डो दा विंची
(B) राफेल ✓
(C) माइकल एंजेलो
(D) मासासिओ

Q.20

निम्नलिखित में से किसे श्रुति साहित्य कहा जाता है?

(A) वेद ✓
(B) वेदांग
(C) पुराण
(D) रामायण

Q.21

किस मुगल शासक ने विजय सिंह को आमेर का शासक घोषित किया और आमेर का नाम मोमीनाबाद रखा?

(A) औरंगजेब
(B) बहादुर शाह ✓
(C) फर्रुख सियार
(D) मुहम्मद शाह

Q.22

अलाउद्दीन खिलजी की विजयों को कालानुक्रमिक व्यवस्थित करें व सही विकल्प चुनें -
(i) गुजरात
(ii) देवगिरी
(iii) मालवा
(iv) चित्तौड़

(A) (i), (ii), (iii) व (iv)
(B) (i), (iv), (iii) व (ii) ✓
(C) (iv), (iii), (ii) व (i)
(D) (iii), (ii), (iv) व (i)

Q.23

व्यवहारवाद के अनुसार वह वस्तु जिसे किसी एक निश्चित परिस्थिति से एक निश्चित अनुक्रिया द्वारा हटाया जाता है उस समान अनुक्रिया के घटित होने की संभावना बढ़ जाती है, इसे कहते हैं-

(A) धनात्मक पुनर्बलक
(B) ऋणात्मक पुनर्बलक ✓
(C) पुरस्कार
(D) दंड

Q.24

निम्न में से कौन 'सर्वक्षत्रान्तक' कहलाता था?

(A) बिम्बिसार
(B) अजातशत्रु
(C) शिशुनाग
(D) महापद्म नंद ✓

Q.25

यांडबू की संधि पर ..... के पश्चात हस्ताक्षर हुए थे?

(A) प्रथम आंग्ल-मराठा युद्ध
(B) प्रथम आंग्ल-अफगान युद्ध
(C) प्रथम आंग्ल-सिख युद्ध
(D) प्रथम आंग्ल-बर्मा युद्ध ✓

Q.26

गुप्तकालीन ग्रामसभा के पदाधिकारियों में कौन सम्मिलित नहीं था?

(A) कुटुम्बिन
(B) अष्टकुलाधिकारी
(C) महत्तर
(D) सार्थवाह ✓

Q.27

निम्न में से किस रियासत से 'सनद परवाना बहियाँ' संबंधित थी?

(A) बीकानेर
(B) कोटा
(C) जयपुर
(D) जोधपुर ✓

Q.28

निम्न में से 1850 में फतेहपुर सीकरी में आने वाले 'त्रिसद स्तरीय जैसुइट शिष्टमंडल' का सदस्य नहीं था?

(A) फादर रूडोल्फ एक्वाविवा
(B) फादर एन्टोनी डी मोनसेरेट
(C) फादर जूलियन परेरा ✓
(D) फादर फ्रान्सिस हेनरिक्स

Q.29

निम्नांकित में से किस सुल्तान ने शेख निजामुद्दीन औलिया को दण्डित करने की धमकी दी थी?

(A) अलाउद्दीन खिलजी
(B) गियासुद्दीन तुगलक ✓
(C) मुहम्मद बिन तुगलक
(D) फिरोज़ शाह तुगलक

Q.30

किस मौर्य स्तंभ के शीर्ष पर एक विशाल हाथी स्थापित है?

(A) सारनाथ स्तंभ
(B) लौरिया नंदन स्तंभ
(C) संकीसा स्तंभ ✓
(D) रामपुरवा स्तंभ

Q.31

अरब लीग का गठन कब हुआ था?

(A) 20 मार्च, 1945
(B) 21 मार्च, 1945
(C) 22 मार्च, 1945 ✓
(D) 23 मार्च, 1945

Q.32

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और नीचे दिए विकल्पों में से सही चुनिए -
(a) 'दस्तान-ए-अमीर-हम्ज़ा' ग्रंथ में 360 कहानियां एवं 2400 चित्र हैं।
(b) 'दस्तान-ए-अमीर-हम्ज़ा' पर फारसी शैली का प्रभाव है।

(A) दोनों (a) तथा (b) सत्य हैं ✓
(B) (a) सत्य है (b) असत्य है
(C) (a) असत्य है (b) सत्य है
(D) दोनों (a) तथा (b) असत्य हैं

Q.33

निम्न में से किस शासक ने "पट्टियनप्पालई" के लेखक को प्रभूत मात्रा में स्वर्ण मुद्राएं दी थीं?

(A) करिकाल ✓
(B) नेडुंजेरल
(C) शेनगुट्टुवन
(D) नेडुनजेलियन

Q.34

निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से कथन असत्य है/हैं?
(i) औद्योगिक क्रांति ने साम्राज्यवाद की प्रक्रिया को तेज़ किया।
(ii) 'लैसेज़ फेयर' की नीति ने आर्थिक स्वायत्तता को समाप्त किया।
(iii) औद्योगिक क्रांति से यूरोपीय वर्ग संरचना परिवर्तित हुई।

(A) (i) और (iii)
(B) (ii) और (iii)
(C) केवल (iii)
(D) केवल (ii) ✓

Q.35

सुदर्शन झील की मरम्मत रुद्रदामन ने किसकी देखरेख में करवाई?

(A) तुषास्प
(B) सुविशाख ✓
(C) चष्टन
(D) पुष्यगुप्त वैश्य

Q.36

निम्नलिखित में से कौनसा कथन रुद्रदामन के बारे में सही है?

(A) वह क्षहरात्र वंश का था।
(B) वह एक सातवाहन शासक से परास्त हुआ था।
(C) जूनागढ़ के अभिलेखानुसार उसने स्वयं "महाक्षत्रप" की उपाधि धारण की थी। ✓
(D) उसका जूनागढ़ अभिलेख प्राकृत भाषा में था।

Q.37

मोतीलाल तेजावत को मेवाड़ में 9 वर्ष तक बिना किसी आरोप के जेल में रखा गया था, निम्नलिखित में से किसने उन्हें जेल से बाहर निकालने के लिए हस्तक्षेप किया ?

(A) माणिक्यलाल वर्मा
(B) मि. हॉलैण्ड
(C) मणिलाल कोठारी ✓
(D) विजयसिंह पथिक

Q.38

निम्न में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) राजपुर घाट संधि - जसवंत राव होल्कर
(B) देवगांव संधि - रघुजी भोंसले
(C) सुर्जी-अर्जुन गांव संधि - महादजी सिंधिया
(D) बेसिन की संधि - पेशवा माधव राव ✓

Q.39

किसको चौहानों का मूल स्थान माना जाता है?

(A) अजमेर
(B) दिल्ली
(C) सपादलक्ष ✓
(D) अहिछत्रपुर

Q.40

नासदीय सूक्त निम्नलिखित किस वेद से संबंधित है?

(A) ऋग्वेद ✓
(B) सामवेद
(C) यजुर्वेद
(D) अथर्ववेद

Q.41

निम्नलिखित में से कौनसा हड़प्पा सभ्यता स्थल बलूचिस्तान में स्थित है?

(A) सोत्काकोह ✓
(B) रहमान ढेरी
(C) मुंडीगाक
(D) गुमला

Q.42

निम्न में से कौन 'अष्टछाप' के संस्थापक थे?

(A) विट्ठलनाथ ✓
(B) कुम्भनदास
(C) सूरदास
(D) गोकुलनाथ

Q.43

'अधिगम समस्याओं का निदान और उनका उपचार' शिक्षा मनोविज्ञान के कौन-से क्षेत्र से संबंधित है?

(A) अधिगमकर्ता ✓
(B) अधिगम परिस्थिति
(C) अधिगम प्रक्रिया
(D) शिक्षण प्रक्रिया

Q.44

उस युद्ध का नाम बताइए जिसके पश्चात लाहौर की संधि संपन्न की गयी?

(A) प्रथम आंग्ल-सिक्ख युद्ध ✓
(B) द्वितीय आंग्ल-सिक्ख युद्ध
(C) तृतीय आंग्ल-सिक्ख युद्ध
(D) द्वितीय आंग्ल-मैसूर युद्ध

Q.45

निम्नलिखित में से किसका संबंध बैम्बिक वंश से था?

(A) अग्निमित्र ✓
(B) रुद्रदामन
(C) कनिष्क
(D) शातकर्णी

Q.46

फारस के किस शासक ने 1622 में जहांगीर से कंधार को जीत लिया?

(A) शाह इस्माइल I
(B) शाह ताहमस्प
(C) शाह अब्बास I ✓
(D) शाह अहमद I

Q.47

तुमन संबंधित है -

(A) राजस्व कर
(B) सैनिक संगठन ✓
(C) स्थापत्य अलंकरण
(D) बाजार व्यवस्था

Q.48

निम्नलिखित में से किस युद्ध को 'मेवाड़ का मैराथन' के नाम से जाना जाता है?

(A) खमनौर का युद्ध
(B) गोगुन्दा का युद्ध
(C) दिवेर का युद्ध ✓
(D) हल्दीघाटी का युद्ध

Q.49

अशोक के 8वें वृहद शिलालेखानुसार किस बौद्ध स्थल की यात्रा उसके द्वारा की गई?

(A) लुम्बिनी
(B) बोधगया ✓
(C) सारनाथ
(D) कुशीनगर

Q.50

सम्प्रत्यय संप्राप्ति मॉडल के सिनटैक्स की कौनसी अवस्था में विद्यार्थी अतिरिक्त अनामांकित उदाहरण को हाँ अथवा नहीं के रूप में पहचान करते हैं?

(A) सम्प्रत्यय के प्राप्ति का परीक्षण ✓
(B) सम्प्रत्यय की पहचान
(C) आंकड़ों का प्रस्तुतीकरण
(D) चिंतन रणनीतियों का विश्लेषण

Q.51

निम्न में से किसने 'स्त्रियों के प्राचीन अधिकारों का आधुनिक अतिक्रमण संबंधी संक्षिप्त टिप्पणी' नामक रचना लिखी थी?

(A) राजा राम मोहन राय ✓
(B) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर
(C) विवेकानन्द
(D) दयानन्द सरस्वती

Q.52

सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए एवं सही विकल्प चुनें -

सूची-I (शासक)	**सूची-II (अभिलेख)**
(A) समुद्रगुप्त	(i) भीतरी
(B) चन्द्रगुप्त II	(ii) बिल्सड
(C) कुमारगुप्त	(iii) प्रयाग
(D) स्कन्दगुप्त	(iv) महरौली

(A) (ii) (iii) (i) (iv)
(B) (i) (iv) (iii) (ii)
(C) (iii) (iv) (ii) (i) ✓
(D) (iv) (i) (ii) (iii)

Q.53

निम्नांकित में से अधिगम के किस उपागम में अधिगम के सामाजिक संदर्भ पर बल दिया गया है और उस ज्ञान के पारस्परिक निर्माण एवं सृजन की बात कही गयी है?

(A) व्यक्तिक निर्मितिवादी
(B) सामाजिक निर्मितिवादी ✓
(C) सामाजिक व्यवहारवादी
(D) सामाजिक संरचनावादी

Q.54

अग्रिम संगठक मॉडल के सिन्टैक्स की कौनसी अवस्था में अध्यापक अधिगम की सक्रिय प्राप्ति को प्रोत्साहित करता है और एक विषय में समालोचनात्मक उपागम को प्रकाश में लाता है?

(A) अग्रिम संगठक का प्रस्तुतीकरण
(B) संज्ञानात्मक संगठन का सुदृढ़ीकरण ✓
(C) अधिगम कार्य का प्रस्तुतीकरण
(D) अधिगम विषयवस्तु का प्रस्तुतीकरण

Q.55

लोलार्ड आंदोलन का संस्थापक कौन था?

(A) जॉन वाईक्लिफ ✓
(B) सवोनारोला
(C) इरास्मस
(D) थॉमस मोर

Q.56

सूची-I व सूची-II को सुमेलित करें व सही विकल्प चुनें -

सूची-I (समाचार पत्र)	सूची-II (संस्थापक)
(A) बॉम्बे समाचार	(i) पी. एम. मोतीवाला
(B) शोम प्रकाश	(ii) बाबू जोगेन्द्रनाथ बोस
(C) जाम-ए-जमशेद	(iii) फर्दुनजी मर्ज़बान
(D) बंगबासी	(iv) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर

(A) (i) (ii) (iii) (iv)
(B) (i) (iv) (ii) (iii)
(C) (iii) (iv) (i) (ii) ✓
(D) (ii) (iii) (iv) (i)

Q.57

4 जुलाई 1943 ई. को, रास बिहारी बोस ने पूर्वी एशिया में इण्डियन नेशनल आर्मी का नेतृत्व सुभाष चन्द्र बोस को किस स्थान पर सौंपा?

(A) टोक्यो
(B) सिंगापुर ✓
(C) रंगून
(D) पेरिस

Q.58

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही उत्तर का चयन कीजिए -

(A) नरेन्द्रमंडल की स्थापना 1918 में की गई थी।
(B) 'बटलर समिति' का गठन 1927 में भारतीय देशी रियासतों एवं ब्रिटिश सर्वोच्च सत्ता के संबंधों की जाँच करना था।

(A) केवल A सही है
(B) केवल B सही है ✓
(C) A एवं B दोनों सही हैं
(D) A एवं B दोनों गलत हैं

Q.59

किशोरों की हड्डियों में बालकों की तुलना में ..... मुख्य परिवर्तन दिखाई देता है ।

(A) रंग
(B) संघटन ✓
(C) कार्य
(D) विकृतियां

Q.60

कनगनहल्ली की खुदाई में किस राजा की प्रस्तर मूर्ति मिली है?

(A) अशोक ✓
(B) चन्द्रगुप्त मौर्य
(C) बिंदुसार
(D) बृहद्रथ

Q.61

निम्न में से असत्य कथन कौन सा है?

(A) उलेमा वर्ग सूफी विरोधी था।
(B) सुहारवर्दी सिलसिले का आरंभ दिल्ली से हुआ। ✓
(C) खानकाहों ने शहरीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।
(D) नाथपंथी रहस्यवाद पर चिश्तियों से चर्चा करने खानकाहों में आते थे।

Q.62

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और नीचे दिए विकल्पों में सही चुनिए –
(a) इल्तुतमिश के द्वारा नागौर, पल्लवन और हाँसी में मस्जिदों का निर्माण करवाया गया।
(b) इल्तुतमिश का मकबरा लाल पत्थर से निर्मित है।

(A) दोनों (a) तथा (b) सत्य हैं ✓
(B) (a) सत्य है, (b) असत्य है
(C) (a) असत्य है, (b) सत्य है
(D) दोनों (a) तथा (b) असत्य हैं

Q.63

किशोर की रूचियों से निम्नलिखित में से कौनसी विशेषता संबंधित नहीं है?

(A) संतुलन ✓
(B) अस्थिरता
(C) विस्तार
(D) मूल्यों में स्थानान्तरण

Q.64

शिक्षा की हार्डवेयर (कठोर) तकनीकी में निम्नलिखित में से कौनसा सम्मिलित नहीं है?

(A) चार्ट
(B) मूल्यांकन के उपकरण ✓
(C) स्लाईड प्रक्षेपक
(D) कम्प्यूटर

Q.65

28 जून, 1914 को किसकी हत्या के फलस्वरूप प्रथम विश्व युद्ध प्रारंभ हुआ?

(A) सर विलियम ऑरपेन
(B) आर्कड्यूक फ्रांसिस फर्डिनेंड ✓
(C) गैवरिलो प्रिंसिप
(D) हेनरी बारबुसे

Q.66

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूची के नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए –

सूची-I	सूची-II
(A) बी. आर. अम्बेडकर	(i) एन इंडियन पिलग्रिम
(B) राजेन्द्र प्रसाद	(ii) इंडिया विन्स फ्रीडम
(C) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद	(iii) इंडिया डिवाइडेड
(D) सुभाष चन्द्र बोस	(iv) पाकिस्तान ऑर द पार्टीशन ऑफ इण्डिया

कूट –

A B C D

(A) (iii) (iv) (ii) (i)
(B) (iv) (iii) (ii) (i) ✓
(C) (iii) (iv) (i) (ii)
(D) (iv) (i) (ii) (iii)

Q.67

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही उत्तर को चुनिए -
(A) शिवाजी की भूमिकर प्रणाली रैय्यतवाड़ी कहलाती थी।
(B) शिवाजी के काल में भूमिकर के रूप में उपज का 40 प्रतिशत लिया जाता था।

(A) केवल A सही है
(B) केवल B सही है
(C) A एवं B दोनों सही हैं ✓
(D) A एवं B दोनों गलत हैं

Q.68

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए -

सूची-I	सूची-II
(A) 'बोस्टन टी पार्टी'	(i) सैमुअल एडम्स
(B) स्वतंत्रता घोषणा पत्र	(ii) बेंजामिन फ्रैंकलिन
(C) कॉमन सेंस	(iii) थॉमस पेन
(D) दि अमेरिकन फिलोसोफिकल सोसाइटी	(iv) थॉमस जेफरसन

(A) A-(i), B-(iv), C-(ii), D-(iii)
(B) A-(ii), B-(iv), C-(iii), D-(i)
(C) A-(i), B-(iv), C-(iii), D-(ii) ✓
(D) A-(iv), B-(i), C-(iii), D-(ii)

Q.69

आबू के परमारों की प्राचीन राजधानी थी -

(A) सिरोही
(B) भीनमाल
(C) चन्द्रावती ✓
(D) शिवगंज

Q.70

.....हॉलैंड का प्रसिद्ध मानवतावादी जो स्वयं को विश्व का नागरिक मानता था।

(A) इरास्मस ✓
(B) सर्वेटस
(C) बोकासियो
(D) प्लेटो

Q.71

निम्नलिखित कथनों का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए विकल्पों में से सही चुनिए -
(a) कुछ गुप्त शासक भगवान शिव के उपासक थे।
(b) मन्दिरों में मूर्ति पूजा गुप्तकाल से हिन्दूधर्म की सामान्य विशेषता बन गई।
(c) गुप्त राजाओं ने विभिन्न धार्मिक संप्रदायों के प्रति सहिष्णुता की नीति का पालन किया

(A) सभी a, b, c सत्य हैं ✓
(B) a असत्य है एवं b, c सत्य हैं
(C) a, b असत्य हैं एवं c सत्य है
(D) सभी a, b, c असत्य हैं

Q.72

मराठा प्रशासन में 'सेनाकर्ते' पद का सृजन किसने किया?

(A) शिवाजी
(B) संभाजी
(C) शाहू ✓
(D) राजाराम

Q.73

8 वीं शताब्दी में किस वंश ने सम्पूर्ण सुवर्णद्वीप पर राज किया?

(A) श्रीविजय
(B) शैलेंद्र ✓
(C) भृगुवंश
(D) वर्मन वंश

Q.74

सिल्वरमैन के अनुसार, संवेग की कौन सी विशेषता नहीं है?

(A) संवेग विकीर्ण होता है
(B) संवेग संचयी होता है
(C) संवेग सतत् होता है
(D) संवेग की प्रकृति कभी-कभार ही प्रेरक होती है ✓

Q.75

टीपू सुल्तान ने 'स्वतंत्रता के वृक्ष' को लगाया -

(A) मैसूर में
(B) मद्रास में
(C) श्रीरंगपट्टम में ✓
(D) मंगलौर में

Q.76

पाबना किसान आन्दोलन संबंधित था -

(A) बंगाल ✓
(B) पंजाब
(C) बॉम्बे
(D) मद्रास

Q.77

निम्नलिखित कथनों में से कौनसा एक गलत है?

(A) 1681 में मेवाड़ के शासक जय सिंह एवं मुगल सम्राट औरंगज़ेब के मध्य संधि हुई।
(B) मेवाड़ ने जजिया के एवज में मुगल सम्राट औरंगज़ेब को पुर, मण्डल एवं बदनौर का परगना प्रदान किया।
(C) सम्राट औरंगज़ेब ने महाराणा जय सिंह को 'राणा' के पद से विभूषित किया।
(D) औरंगज़ेब ने महाराणा जय सिंह को 6000 का मनसबदार नियुक्त किया। ✓

Q.78

उदयपुर का एकलिंग महादेव मंदिर किसने बनवाया?

(A) गुहिल
(B) बप्पा रावल ✓
(C) कुम्भा
(D) रतन सिंह

Q.79

जर्मनी में 'न्यूरेम्बर्ग कानून' कब बने थे -

(A) 1933
(B) 1934
(C) 1935 ✓
(D) 1936

Q.80

निम्न में से जोगलथम्बी मुद्रा संचय का संबंध किस राजवंश से है?

(A) मौर्य
(B) शुंग
(C) सातवाहन ✓
(D) गुप्त

Q.81

किस अवसर पर गाँधी जी ने कैसर-ए-हिन्द की उपाधि त्यागी?

(A) असहयोग आंदोलन ✓
(B) सविनय अवज्ञा आंदोलन
(C) भारत छोड़ो आंदोलन
(D) सूरत फूट

Q.82

कौनसा सुमेलित नहीं हैं?
मौर्य अधिकारी दायित्व
(1) समाहर्त्ता राजस्व
(2) व्यावहारिक फौजदारी न्यायालय का न्यायाधीश
(3) प्रशास्ता राजकीय आज्ञाओं को लिपिबद्ध करने वाला
(4) दौवारिक राजमहल की देखरेख

(A) समाहर्त्ता राजस्व
(B) व्यावहारिक फौजदारी न्यायालय का न्यायाधीश ✓
(C) प्रशास्ता राजकीय आज्ञाओं को लिपिबद्ध करने वाला
(D) दौवारिक राजमहल की देखरेख

Q.83

निम्नलिखित में से कौन सा कथन इल्तुतमिश से संबंधित नहीं है?

(A) दिल्ली को अपनी राजधानी बनाना
(B) खलीफा से खिलअत प्राप्त करना
(C) टंका और जीतल मुद्रा जारी करना
(D) दीवान-ए-अर्ज विभाग की स्थापना करना ✓

Q.84

निम्न में से किस गवर्नर जनरल ने हैदराबाद को बरार देने के लिए बाध्य किया?

(A) लॉर्ड वैलेज़ली
(B) विलियम बैंटिक
(C) लॉर्ड हार्डिंग
(D) लॉर्ड डलहौज़ी ✓

Q.85

निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए -
(A) स्वेज नहर का राष्ट्रीयकरण
(B) लिंगायती समझौता
(C) हनोई समझौता
(D) इंडोनेशिया संबंधी हेग सम्मेलन

कूट -

(A) D C A B
(B) B D C A
(C) C A D B
(D) C B D A ✓

Q.86

सुमेलित कीजिये -

समाचार पत्र	सम्पादक
(A) राजस्थान पत्रिका	(i) समर्थ दान
(B) राजस्थान समाचार	(ii) रामप्रताप शर्मा
(C) सर्वहित	(iii) जय नारायण व्यास
(D) आंगीवाण	(iv) बख्शी लक्ष्मण सिंह

कूट -

(A) A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)
(B) A-(ii), B-(i), C-(iv), D-(iii)
(C) A-(iv), B-(i), C-(ii), D-(iii) ✓
(D) A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)

Q.87

जैन दर्शन में सर्वश्रेष्ठ एवं पूर्ण ज्ञान को कहा जाता है -

(A) मति
(B) श्रुति
(C) अवधि
(D) कैवल्य ✓

Q.88

रणजीत सिंह की किस सैनिक टुकड़ी में फ्रांसीसी सैनिक भर्ती किए गए थे?

(A) फौज - ए - आम में
(B) फौज - ए - खास में ✓
(C) फौज - ए - बेकवायड में
(D) फौज - ए - किला जात में

Q.89

'भगवद भक्ति रसायन' के लेखक कौन हैं?

(A) गोकुलदास
(B) मधुसूदन सरस्वती ✓
(C) बेनी माधव दास
(D) नाभादास

Q.90

निम्नलिखित कथनों का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए विकल्पों में से सही चुनिए -

(a) मीर बख्शी मुगल सैन्य विभाग का अध्यक्ष था।
(b) मीर बख्शी खुफिया और सूचना एजेंसियों के प्रमुख भी थे।

(A) दोनों (a) तथा (b) सत्य हैं ✓
(B) (a) सत्य है, (b) असत्य है
(C) (a) असत्य है, (b) सत्य है
(D) दोनों (a) तथा (b) असत्य हैं

Q.91

शिक्षा के प्रणाली उपागम में सम्मिलित पदों के सही क्रम का चयन कीजिए –
(i) कार्य का विश्लेषण
(ii) उद्देश्यों का विशिष्टीकरण
(iii) प्रणाली प्रारूप व विकास
(iv) प्रणाली विश्लेषण
(v) प्राथमिकता समाधान की क्रियान्विति
(vi) निष्पत्ति की प्रभावशीलता का मूल्यांकन

(A) (i) -> (ii) -> (iii) -> (iv) -> (v) -> (vi)
(B) (i) -> (iii) -> (iv) -> (ii) -> (v) -> (vi)
(C) (ii) -> (i) -> (iv) -> (iii) -> (v) -> (vi) ✓
(D) (v) -> (ii) -> (i) -> (vi) -> (iii) -> (iv)

Q.92

'भारत छोड़ो आंदोलन' के बारे में अधोलिखित कथनों को पढ़िए –
(i) यह क्रिप्स मिशन की असफलता के बाद प्रारंभ किया गया।
(ii) गांधीजी ने जेल से आंदोलन का नेतृत्व किया।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए –

(A) (i) सत्य है परन्तु (ii) असत्य है ✓
(B) (ii) सत्य है परन्तु (i) असत्य है
(C) दोनों (i) एवं (ii) असत्य हैं
(D) दोनों (i) एवं (ii) सत्य हैं

Q.93

जर्मनी के राजनीतिक एकीकरण से पूर्व जर्मनी के आर्थिक एकीकरण में किस व्यवस्था ने योगदान दिया?

(A) मेटर्निख पद्धति
(B) ज़ोलवेरिन ✓
(C) फ्रैंकफर्ट संसद
(D) राईन संघ

Q.94

भारत में शैल चित्रों की खोज प्रथमतः किसके द्वारा की गई थी?

(A) वी. एस. वाकणकर
(B) यशोधर मठपाल
(C) इरविन न्यूमेयर
(D) ए. सी. एल. कार्लाइल ✓

Q.95

ब्रिटिश संसद में ईसाई धर्म प्रचारकों के लिए किसने संघर्ष जीता?

(A) एडम स्मिथ एवं जेरेमी बेन्थम
(B) चार्ल्स ग्रांट एवं विलियम विल्बरफोर्स ✓
(C) थॉमस मैकाले एवं जॉन स्टुअर्ट मिल
(D) स्लीमैन एवं कार्टर

Q.96

निर्मितिवादी उपागम के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?

(A) अध्यापक को विद्यार्थियों के पूर्व सम्प्रत्यय और गलत सम्प्रत्यय जानने चाहिए।

(B) अध्यापक को कक्षा में विचारों के वाद-विवाद को प्रोत्साहित करना चाहिए।

(C) अध्यापक विद्यार्थियों को सम्प्रत्ययों के अनुप्रयोग और परिणामों के सारांश के लिए कह सकता है।

(D) अध्यापक को विद्यार्थियों तक सही तथ्यों और सूचनाओं को पहुँचाना चाहिए। ✓

Q.97

अमृतसर की संधि कब व किसके मध्य हुई थी?

(A) 1809 में अंग्रेज व अहमद शाह अब्दाली के मध्य

(B) 1809 में अंग्रेज व अकबर II के मध्य

(C) 1809 में अंग्रेज व रणजीत सिंह के मध्य ✓

(D) 1809 में अंग्रेज व होल्कर के मध्य

Q.98

'वस्त-उल-हयात' का लेखक कौन था?

(A) जियाउद्दीन बरनी

(B) अलबरूनी

(C) हसन निजामी

(D) अमीर खुसरो ✓

Q.99

क्रांति के दौरान निम्नलिखित में से किन्हें 'कन्वेंशन' ने फ्रांस में लागू करवाया?
(i) घुटनों तक के ब्रीचेस (घुटना)
(ii) सॉन कुलॉत (बिना घुटने वाला)
(iii) सितोयेन (नागरिक)
(iv) मोन्सयूर (महाशय)
सही कूट का चयन करें -

(A) (ii) और (iii) ✓

(B) (ii), (iii) और (iv)

(C) (i) और (iv)

(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

Q.100

अवदान साहित्य किस धर्म से संबंधित है?

(A) जैन

(B) बौद्ध ✓

(C) हिन्दू

(D) शैव

Q.101

निम्न में से कौनसा कक्षा में भाषा की बाधाओं को दूर करने के आवश्यक उपायों से संबंधित नहीं है?

(A) कम शाब्दिक रूपों का उपयोग
(B) प्रभावी दृश्य-श्रव्य सहायक सामग्री का उपयोग
(C) आलंकारिक भाषा का उपयोग ✓
(D) सरल भाषा और संकेतों का उपयोग

Q.102

जयदयाल एवं मेहराब खाँ ने 1857 के विप्लव का नेतृत्व कहाँ किया था?

(A) नसीराबाद
(B) ब्यावर
(C) टोंक
(D) कोटा ✓

Q.103

एलोरा के कैलासा मंदिर का निर्माण निम्नलिखित में से किस शासक के द्वारा किया गया था?

(A) कृष्णा I ✓
(B) इन्द्र III
(C) अमोघवर्ष II
(D) गोविंदा IV

Q.104

सल्तनत काल में कौनसा कर भूमि से संबंधित था?

(A) खिराज ✓
(B) खम्स
(C) ज़कात
(D) जजिया

Q.105

1895 में स्थापित 'वेलबी आयोग' का उद्देश्य क्या था?

(A) केन्द्र और प्रान्तीय सरकार के अधिकार क्षेत्र को परिभाषित करना।
(B) भारत की आय और व्यय की जांच करना। ✓
(C) भारत सरकार और भारतीय रियासतों के बीच संबंध सुधारना।
(D) भारत के लिए राज्य सचिव की शक्तियों को परिभाषित करना।

Q.106

काबुल में अकबर के विरुद्ध हुए विद्रोह को किसने 1585 ई. में सफलतापूर्वक दबाया?

(A) राय सिंह
(B) मिर्जा कोका
(C) भारमल
(D) मान सिंह ✓

Q.107

पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत के अनुसार निम्नांकित में से किस अवस्था में बालक तर्कपूर्ण और व्यवस्थित प्रक्रिया से समस्याओं का प्रमाणीकरण करता है?

(A) संवेदीगामक
(B) पूर्व क्रियात्मक
(C) मूर्त क्रियात्मक
(D) औपचारिक क्रियात्मक ✓

Q.108

निम्न में से किस स्थान पर लॉर्ड कैनिंग ने 1 नवम्बर, 1858 को 'रानी का घोषणा पत्र' पढ़ा था?

(A) कानपुर
(B) आगरा
(C) दिल्ली
(D) इलाहाबाद ✓

Q.109

आमेर के मिर्ज़ा राजा जयसिंह व शिवाजी के मध्य शांतिवार्ता में किसने मध्यस्थता की थी?

(A) नूर बेग
(B) शामराज नीलकंठ
(C) रघुनाथ पंडित अत्रे ✓
(D) अप्पाजी शिंदे

Q.110

सातवाहनों के विषय में निम्नांकित कथनों को पढ़िए एवं नीचे दिए विकल्पों में से सही चुनिए -
(a) मत्स्य पुराण 30 सातवाहन राजाओं का उल्लेख करता है।
(b) वायु पुराण 17 सातवाहन राजाओं का उल्लेख करता है।

(A) दोनों (a) तथा (b) सत्य हैं ✓
(B) (a) असत्य है, (b) सत्य है
(C) (a) सत्य है, (b) असत्य है
(D) दोनों (a) तथा (b) असत्य हैं

Q.111

द्वितीय विश्वयुद्ध में "D - Day" की तिथि थी -

(A) 6 जून, 1942
(B) 6 जून, 1943
(C) 6 जून, 1944 ✓
(D) 6 जून, 1945

Q.112

बौद्ध धर्म की द्वितीय संगीति कहाँ हुई?

(A) राजगृह
(B) वैशाली ✓
(C) पाटलीपुत्र
(D) कश्मीर

Q.113

पुष्यमित्र शुंग द्वारा आयोजित अश्वमेघ यज्ञ का संपादन किसने किया था?

(A) तारानाथ
(B) आपस्तंब
(C) पतंजलि ✓
(D) भागभद्र

Q.114

सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए –

सूची-I (मध्यपाषाण कालीन स्थल)	**सूची-II (स्थल)**
A लंघनाज	i गुजरात
B टेरी समूह	ii तमिलनाडु
C सराय नाहर राय	iii मध्यप्रदेश
D आदमगढ़	iv उत्तरप्रदेश

कूट –

A	B	C	D

(A) i iv iii ii
(B) i ii iv iii ✓
(C) ii i iv iii
(D) iii ii i iv

Q.115

जयतीर्थ ने अपने गुरु की रचना 'सूत्र भाष्य' पर समीक्षा लिखी थी। निम्न में से वह गुरु संत कौन थे?

(A) रामानुज
(B) माधव ✓
(C) निम्बार्क
(D) वल्लभ

Q.116

सहयोगी अधिगम के ..... उपागम में, विद्यार्थी पारस्परिक जोड़े में कार्य करते हैं, बदल-बदलकर सूचनाओं का सारांशीकरण करते हैं और एक-दूसरे को इसे मौखिक रूप से प्रस्तुत करते हैं। जोड़े (युग्म) का प्रत्येक सदस्य सुनता है, किसी गलती के लिए प्रस्तुतीकरण की निगरानी करता है और अपने साथी को पृष्ठपोषण देते हैं।

(A) जिग्सॉ कक्षा कक्ष
(B) समूह अन्वेषण
(C) विद्यार्थी दल उपलब्धि विभाजन
(D) सहभागी लेखन ✓

Q.117

कौन ऋग्वैदिक युग के प्रसिद्ध 'पंचजन' में सम्मिलित नहीं है?

(A) तुर्वश
(B) पुरु
(C) भरत ✓
(D) द्रुह्म

Q.118

निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है:

(A) कपिल मुनि का मंदिर - बीकानेर
(B) जगदीश मंदिर - उदयपुर
(C) द्वारकाधीश मंदिर - जयपुर ✓
(D) मीराबाई मंदिर - चित्तौड़

Q.119

निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) स्कर्वी - ऐस्कॉर्बिक अम्ल
(B) बन्ध्यता - टोकोफेरॉल
(C) रतौंधी - ऐन्यूरिन ✓
(D) रिकेट्स - एर्गोकैल्सिफेरॉल

Q.120

"एक बुजुर्ग आदमी हमेशा अपनी जवानी के दिनों और उस समय के अपने बहादुरी के कार्यों का संस्मरण बताता है।" यह अहम रक्षा युक्ति है -

(A) प्रतिगमन ✓
(B) दमन
(C) प्रक्षेपण
(D) तदात्मीकरण

Q.121

किस युद्ध में मेवाड़ के महाराणा सांगा ने बाबर की सेना को हराया?

(A) पानीपत
(B) घाघरा
(C) खानवा
(D) बयाना ✓

Q.122

तुगलक काल में किस स्थान का नाम बदलकर सुल्तानपुर कर दिया गया था?

(A) देवगिरी
(B) द्वारसमुद्र
(C) वारंगल ✓
(D) मदुरै

Q.123

निम्न में से किन शासकों ने 'देवपुत्र' की उपाधि धारण की थी?

(A) मौर्य शासकों ने
(B) शक शासकों ने
(C) कुषाण शासकों ने ✓
(D) सातवाहन शासकों ने

Q.124

राजस्थान में किस स्थल पर एक कंकाल के गले में पत्थर व हड्डियों का हार पाया गया था-

(A) बागोर ✓
(B) आहड़
(C) तिलवाड़ा
(D) धनेरी

Q.125

1938 में, गठित राष्ट्रीय नियोजन समिति का अध्यक्ष कौन था?

(A) जवाहर लाल नेहरू ✓
(B) सुभाष चन्द्र बोस
(C) राजेन्द्र प्रसाद
(D) वल्लभ भाई पटेल

Q.126

राय सिंह के संदर्भ में निम्नांकित कथनों को पढ़िए एवं नीचे दिए विकल्पों में सही चुनिए -
(a) रायसिंह को मुगल दरबार में 5000 की मनसब प्राप्त थी।
(b) रायसिंह ने शहज़ादे सलीम के 1603 ई. के मेवाड़ अभियान में भाग लिया था।

(A) दोनों (a) एवं (b) सत्य हैं ✓
(B) (a) सत्य है, (b) असत्य है
(C) (a) असत्य है, (b) सत्य है
(D) दोनों (a) एवं (b) असत्य हैं

Q.127

कनिष्क की प्रसिद्ध टूटी हुई मूर्ति किस शहर के पास मिली थी-

(A) अलवर
(B) जयपुर
(C) पेशावर
(D) मथुरा ✓

Q.128

रणजीत सिंह संबंधित थे-

(A) रामगढ़िया मिस्ल से
(B) अहलुवालिया मिस्ल से
(C) निशान वालिया मिस्ल से
(D) सुकरचकिया मिस्ल से ✓

Q.129

निम्नलिखित शिक्षण अधिगम सामग्री में से कौनसी श्रव्य सहायक सामग्री है?

(A) चित्रित पुस्तकें
(B) प्रदर्शनी
(C) भाषा प्रयोगशाला ✓
(D) क्षेत्रीय भ्रमण

Q.130

किसकी अंतिम रिपोर्ट के आधार पर अवध का विलय ब्रिटिश भारतीय साम्राज्य में किया गया?

(A) अर्नेल्ड गैलोवे
(B) एच. एस. मिलबोरो
(C) जॉन सदरलैण्ड
(D) जेम्स ऑउट्रम ✓

Q.131

निम्नलिखित में से कौन सा कथन लिकर्ट पैमाने पर संवेगात्मक बुद्धि के आत्म मूल्यांकन के लिए सर्वोत्तम है?

(A) मैं शाब्दिक परीक्षणों में अच्छा करता हूँ।
(B) मुझमें स्थानों के मानचित्रों के सृजन की योग्यता है।
(C) मैं अन्य व्यक्तियों से सहयोग करता हूँ। ✓
(D) मैं प्राकृतिक और मानवीकृत प्रणाली (तंत्र) को समझता हूँ।

Q.132

उत्तरी जर्मन परिसंघ की स्थापना किस वर्ष में की गई थी?

(A) 1864
(B) 1865
(C) 1866
(D) 1867 ✓

Q.133

निम्न में से द्वितीय आंग्ल मैसूर युद्ध में कौनसी लड़ाई नहीं लड़ी गयी थी?

(A) पोर्टो नोवा
(B) मालवल्ली ✓
(C) शालिंगपुर
(D) पोयिलूर

Q.134

निम्न में से किस अधिनियम के द्वारा, केंद्रीय विधानमंडल में प्रथम बार दो सदन बनाए गए थे?

(A) 1892 का अधिनियम
(B) 1909 का अधिनियम
(C) 1919 का अधिनियम ✓
(D) 1935 का अधिनियम

Q.135

स्कन्दगुप्त के 'कहौम अभिलेख' के अनुसार मद्र ने किस धर्म की मूर्तियाँ स्थापित करवायीं थीं?

(A) जैन ✓
(B) बौद्ध
(C) वैष्णव
(D) शैव

Q.136

समुद्रगुप्त ने निम्न में से किसके प्रति 'कन्योपायन' की नीति अपनाई?

(A) मालवा
(B) सनकानिक
(C) शक-मुरुंडा ✓
(D) खरपरिक

Q.137

मैगस्थनीज की इण्डिका के अंश निम्नलिखित में से किन लेखकों की कृतियों में पाए जा सकते हैं?
(i) एरियन
(ii) स्ट्रैबो
(iii) प्लिनी
(iv) लिवी

(A) केवल (i)
(B) केवल (i) व (ii)
(C) केवल (i), (ii) व (iii) ✓
(D) (i), (ii), (iii) व (iv)

Q.138

निम्न में से कौनसा कथन बलबन के बारे में सही नहीं है?

(A) इक्ताओं का पुनर्ग्रहण
(B) अफरासियाब वंश से संबंध
(C) दरबारी वैभव
(D) चालीसा का सुदृढ़ीकरण ✓

Q.139

मुहम्मद गौरी ने कुतुबुद्दीन ऐबक को भारतीय क्षेत्रों का वायसराय बनाते समय कौनसी पदवी प्रदान की?

(A) मलिक ✓
(B) शाह
(C) गाजी
(D) सुल्तान

Q.140

माओ ने कियांग्सी से किस स्थान तक चीन में ऐतिहासिक 'लॉन्ग मार्च' का नेतृत्व किया था?

(A) पीकिंग
(B) नानकिंग
(C) शेन्सी ✓
(D) कांग्सू

Q.141

निम्नलिखित में से किस यूनानी इतिहासकार ने इंडिका नाम से पुस्तक नहीं लिखी?

(A) पेट्रोक्लस ✓
(B) मेगस्थनीज
(C) एरियन
(D) टीसियस

Q.142

पृथ्वीराज III द्वारा चंदेल राज्य पर आक्रमण के दौरान वहाँ का शासक कौन था -

(A) परमार्दी ✓
(B) जिनपाल
(C) आल्हा
(D) भीमदेव

Q.143

निम्नलिखित में से कोटा का कौनसा शासक अपने शिकार अभियान के दौरान चित्रकारों को अपने साथ ले जाता था?

(A) शत्रुसाल II
(B) उम्मेद सिंह I ✓
(C) गुमान सिंह
(D) दुर्जन साल

Q.144

1851 ई. में, ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी ने किस स्थान पर लड़कियों का स्कूल शुरू किया?

(A) बम्बई
(B) सतारा
(C) पूना ✓
(D) वलसाड़

Q.145

निम्न में से कौनसा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) बागोर – सूक्ष्म पाषाण उपकरण
(B) कालीबंगा – दुर्गीकरण
(C) गणेश्वर – काले चमकीले मृदभांड ✓
(D) बैराठ – बौद्ध विहार

Q.146

निम्न में से किस शासक ने अप्रतिहत चक्र की उपाधि धारण की थी-

(A) सिमुक
(B) शातकर्णी ✓
(C) गौतमीमुत्र शातकर्णी
(D) यज्ञश्री शातकर्णी

Q.147

निम्न में से कौनसा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) निकोलस II - रोमानोव वंश
(B) चेका - मुद्रा ✓
(C) लाल सेना - ट्रॉट्स्की
(D) इस्क्रा - लेनिन

Q.148

1813 के अधिनियम ने, निम्नलिखित के उन्मूलन का प्रारंभ किया -
(i) भारत के साथ व्यापार पर कंपनी का एकाधिकार
(ii) भारतीय चाय पर कंपनी का एकाधिकार
(iii) चीनी के साथ व्यापार पर कंपनी का एकाधिकार
(iv) प्रशासनिक पदों पर कंपनी का एकाधिकार
सही कूट चुनिए -

(A) केवल (i) ✓
(B) केवल (i) व (ii)
(C) केवल (i), (ii) व (iii)
(D) (i), (ii), (iii) व (iv)

Q.149

शिक्षा मनोविज्ञान के संबंध में कौनसा कथन सर्वाधिक उपयुक्त है?

(A) यह अनुप्रयोगात्मक प्रकृति के साथ धनात्मक विज्ञान है ✓
(B) यह अवैज्ञानिक प्रकृति के साथ सामाजिक विज्ञान है
(C) यह अनुप्रायोगिक एवं नियामक विज्ञान है
(D) यह भविष्य कथन के साथ एक नियामक विज्ञान है

Q.150

निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?

(A) नरपति नाल्ह - बीसलदेव रासो
(B) गिरधर आसिया - सगत रासो
(C) दौलत विजय - खुमाण रासो
(D) कविया गोपालदास - क्यामखाँ रासो ✓



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in